भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून तथा भाकृअनुप-नार्म, हैदराबाद द्वारा वैज्ञानिक कार्यशाला काआयोजन

13 जून, 2023, देहरादून

भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून तथा भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं प्रबंध अकादमी (नार्म), हैदराबाद द्वारा, संयुक्त रूप से, ग्राम पंचायत कुड़ियाल के कन्डोगल गांव में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन पर वैज्ञानिक कार्यशाला का आयोज़न किया गया।

अकादमी, हैदराबाद से आए छह वैज्ञानिकों, डॉ. हर्षित कुमार, डॉ. गीता, डॉ. अरुणा कुनियाल, डॉ. पंखुड़ी सिंघल, डॉ. सुमित उर्हे और डॉ. नरेंद्र सिंह ने किसानो के साथ सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के अनुभव साझा किए। वैज्ञानिकों ने पिछले 15 दिनों में कंडोगल गांव की कृषि प्रणाली व पशुधन पर किये गए अध्ययन एवं समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान पर चर्चा किए।

इस कार्यशाला को, भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून के वैज्ञानिक, डॉ. बांके बिहारी, डॉ. इन्दु रावत तथा राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं प्रबंधन अकादमी, हैदराबाद से आए प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. एन.ए. विजय अविनाशीलिंगम ने मार्गदर्शन किया।

मृदा व जल संरक्षण, धान्य फसल उत्पादन, बागवानी फसल प्रबंधन, इनके रोग तथा कीट प्रबंधन, पशुओं के उन्नत ब्रीड, समुचित प्रबंधन, टीकाकरण, कुक्कुट पालन के नए आयामों के बारे में इस संगोष्ठी में विस्तार से बताया गया।

(स्रोतः भाकृअनुप- भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून)